# इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# वैशाली नगर भिलाई (छ.ग.)


आयोजन का शीर्षक :-" ग्रामीण अर्थव्यवस्था समस्याएँ एवं समाधान "

दिनांक :- 04/05/2021

प्रतिभागियो की संख्या :- 46

## प्रतिवेदन

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 04/05/2021 को "ग्रामीण अर्थव्यवस्था समस्याएँ एवं समाधान" विषय डॉ. संतोष जैन ने अपने वक्तव्य में बताया कि ग्रामीण विकास ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो के जीवन और आर्थिक कल्याण की गुणवत्ता में सुधार करने की प्रकिया है।




Head
Dept. of Economics
Indira Gandhi Govt. P.G. College
Vaishali Nagar, Bhilai

Principal
Indira Gandhi Govt. P.G. College
Vaishali Nagar, Bhilai

# इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## वैशाली नगर भिलाई (छ.ग.)


आयोजन का शीर्षक :-“ पर्यावरण अर्थशास्त्र एवं संस्कार के सामंजस्य विषय पर व्याख्यान”

दिनांक :- 29/04/2021

प्रतिभागियो की संख्या :- 89

### प्रतिवेदन

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 29/04/2021 को पर्यावरण अर्थशास्त्र एवं संस्कार के सामंजस्य विषय पर श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रक्षा सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया पर्यावरण अर्थशास्त्र एवं संस्कार में से कोई भी अपना कार्य निश्चित व निर्धारित समय में न करे तो अर्थव्यवस्था में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण को संतुलित रखने में सहयोग दें।




**पर्यावरण अर्थशास्त्र संस्कार व सामंजस्य पर ऑनलाइन व्याख्यान**

**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय पर्यावरण अर्थशास्त्र संस्कार व सामंजस्य पर ऑनलाइन व्याख्यान किया गया अर्थशास्त्र विभाग द्वारा श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रक्षा सिंह को आमंत्रित कर उनका स्वागत किया गया उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्रों को बताया कि कोई भी एक अपना कार्य निर्धारित व निश्चित किया हुआ नहीं करे तो अर्थव्यवस्था में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं आज के परिदृश्य में अगर देखा जाए तो हम अर्थशास्त्र एनवायरमेंट एवं एथिक्स का सामंजस्य बिठाकर नहीं चला रहे हैं इसलिए संसार आज संकट में है इस दौरान अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष सुशीला शर्मा ने पर्यावरण के प्रति हमारे सभी नैतिक कर्तव्य हमारे प्रत्यक्ष कर्तव्य से प्राप्त होते हैं पर्यावरण नैतिकता के विकास की आवश्यकता को दर्शाती है भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण को संतुलित रखने में सहयोग दें महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ रितेश अग्रवाल भी इस व्याख्यान में शामिल हुए और अंत में विद्यार्थियों ने सभी प्राध्यापको को धन्यवाद ज्ञापित किया।

Head
Dept. of Economics
Indira Gandhi Govt. P.G College
Vaishali Nagar, Bhilai

Principal
Indira Gandhi Govt. P.G. College
Vaishali Nagar Bhilai

## इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## वैशाली नगर भिलाई (छ.ग.)

NAAC
B+ Grade

आयोजन का शीर्षक :-"स्वदेशी अर्थव्यवस्था व रोजगार" संगोष्ठी "

दिनांक :- 19/09/2019

प्रतिभागियो की संख्या :- 95

### प्रतिवेदन

"स्वदेशी अर्थव्यवस्था व रोजगार संगोष्ठी " विषय पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 19/09/2019 को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी उत्पादों के प्रचार तथा जनजागरण व सामाजिक समरसता व अर्थव्यवस्था के सम्बन्ध में लोगो को जागरूक करने हेतु व्याख्यान प्रस्तुत किया गया |

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्याख्यान का आयोजन

**जनधारा समाचार**

**भिलाई।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह पूरे देश में मनाई जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के भिलाईनगर अंतर्गत इंदिरा गांधी शासकीय पीजी महाविद्यालय वैशालीनगर में स्वदेशी अर्थव्यवस्था एवं रोजगार के विषय में व्याख्यान का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया गया। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रसार प्रमुख सतीश कुमार थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अल्का मेश्राम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशलेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।




मुख्य वक्ता सतीश कुमार जी ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था के संबंध में बताया कि कैसे चीन और अन्य देशों के लिए भारत लाखों करोड़ो के व्यापार के लिए सबसे बड़ा बाजार बन गया था किन्तु विगत 4 वर्षों से स्वदेशी जागरण मंच और अन्य समान विचारधारा के संगठनों के द्वारा लगातार संघर्ष व आंदोलनों के द्वारा केंद्र सरकार ने आयात कर बढ़ा दिया जिससे अब चीन और अन्य देशों का भारत में व्यापार घाटा बढ गया है किन्तु फिर भी ये विदेशी तत्व अलग अलग छद्म नामों से हमारे देश में नाम बदलकर व्यापार कर रहे हैं। सतीश कुमार ने रोजगार के विषय में भी युवाओं को मार्गदर्शन किया उन्होंने कहा कि नौकरी की आस में वर्षों तक सुनहरे कल्पना में जीने के बजाय वर्तमान समय से ही पैसे कमाना शुरु करना चाहिएए पढ़ाई करिए किन्तु सिर्फपढ़ाई नही साथ-साथ आप प्राईवेट नौकरी हो या छोटा व्यापार कुछ भी कर सकते हैं। उन्होने छात्र-छात्राओं व युवाओं को सफलता की कहानी भी सुनाईए जिससे सभी छात्रों को मार्गद्रशन व उत्साहवर्धन दोनों मिला। कौशलेंद्र प्रताप सिंह जी ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार प्रसार व लोगों को जागरूकता के संबंध में विस्तार से बताया। अमित मिश्रा ने लोगों से वचन लिया कि आगे से हमें देशहित में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। प्राचार्या ड्ा.ल्का मेश्राम ने स्वागत भाषण दिया। संचालन आयोजक अमित मिश्रा ने किया व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉं डीप्केण् सोनी ने किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के दिनेश पाटिल जगदीश मेहता पोषण साहू संजय शुक्लामनोज शर्मा मोहनीष काले मोहन बागुल राकेश यादव जीवन गुप्ता मंजेश कुमार राज साहू सहित छात्र उपस्थित थे।

Head
Dept. of Economics
Indira Gandhi Govt. P.G. College
Vaishali Nagar, Bhilai

Principal
Indira Gandhi Govt. P.G College
Vaishali Nagar, Bhilai